इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

समाधान की समस्या या समस्या का समाधान

भैया! आप खामोश बैठे हैं? इतने दिनों बाद मिले और यह सन्नाटा कैसा भैया? मैं सोच रहा था चोरी ऊपर सीना जोरी करते लोगों की क्या सजा होनी चाहिए? न्याय करने वाले अगर एक पक्षीय हो जाए तो? सभा चलाने वाले मुर्गी की तरह अपने चूजों को पंखों के नीचे छिपाकर औरों पर चोंच और नाखूनों भरे पैर चलाए तो क्या करना चाहिए? कभी भी शांत भाव से बातें न करने वाले बहुत बड़े नेता को क्या करना चाहिए? सिर्फ नेतृत्व संभालने को इच्छुक विपक्षियों को क्या कहकर संबोधित किया जाय? देश भर में धर्मनिरपेक्षता की धज्जियां उड़ाते सारे धर्मों के कट्टर लोगों को क्या किया जाए? गोटियां बिछाकर अपना उल्लू सीधा करने वालों के साथ क्या सलूक किया जाए? भैया! आप तो सिद्धार्थ से भी ज्यादा प्रश्न पाले बैठे हैं। उनका उत्तर कब मिले और आप कब गौतम बुद्ध बनेंगे भैया? छोटू! मैं कोई बुद्ध बनने या नेता बनने के लिए नहीं पूछ रहा हूं ये बातें। ये सहज उत्पन्न प्रश्न हैं। मुख्य समस्याओं से, तकलीफों से अलग जनता का ध्यान उनके लिए अदना सी बातों पर ले जाना और बस अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने को हम क्या सही शासक, प्रशासक या पालक कहेंगे? भैया! आपका कहना बिल्कुल सही है लेकिन हम अपनी तकलीफों और दिक्कतों से ज्यादा किसी हीरो की गिरफ्तारी और रिहाई, मारपीट, संविधान से किसको कितना प्यार है, दूसरों को नीचा दिखाने की व्यस्तता, बकवास से भरे समाचार बस इनमें ही है उनका भरपूर प्यार। रेवड़ियां मिलती रहें, आवारगी संग घूमते रहें, अपराध बढ़ते रहें इनसे पालकों को क्या? उन्हें अपनी कुर्सी, सत्ता, अधिकार और सरकार के प्रति धृतराष्ट्र सा अंधा मोह है। ऐसे में इन सबका समाधान करने की फुर्सत और चाहत किसमें है भैया। सही कहते हो छोटू! इतिहास बदल रहे हैं पुराने नामों को बदलकर, भूगोल बदल रहे हैं स्थानों के नए नामकरण कर, अब बचा नागरिकशास्त्र जिसके तहत अब मनु चरित्र के रूप में बदलने जा रहे हैं संविधान। पहले ही बदल लिए इंडियन पीनल कोड (आई पी एस) को भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) में। सिर्फ मन माफिक बदलाव जारी है। बाकी सब महंगाई और बेरोजगारी है जिस पर ध्यान जाना मुश्किल है। भैया। कुछ तो उपाय होगा? कोई तो समाधान होगा? है क्यों नहीं? मतदान कितने प्रतिशत लोग करते हैं? कितने प्रतिशत से लोग जीतते हैं? सोचने की बात है। नोटा का उपयोग कर क्या नेताओं को उनकी औकात याद नहीं दिलाया जा सकता?

नवप्रवेशित विद्यार्थियों को ग्रंथालय की सुविधाओं एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी दी

उमरबन (इंदौर समाचार)। मुश्ताक मोहम्मद शेख । शासकीय महाविद्यालय उमरबन में सत्र 2026-27 के अंतर्गत बीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ग्रंथालय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. कविता कनेल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को महाविद्यालय के ग्रंथालय द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को अध्ययन, ज्ञानवर्धन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ग्रंथालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को शासन की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए संचालित निःशुल्क पुस्तक एवं स्टेशनरी वितरण योजना के बारे में बताया गया। योजना के अंतर्गत 1500 रुपये की पुस्तकें एवं 500 रुपये की स्टेशनरी उपलब्ध कराने संबंधी जानकारी दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को ई-ग्रंथालय की सदस्यता लेने तथा ई-लाइब्रेरी का उपयोग करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की ग्रंथपाल श्रीमती अभिलाषा रंसोरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीए एवं बीएससी प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थी, प्रो. सरिता अलावा, प्रो. दीपमाला मंसारे, प्रो. दिनेश ब्राम्हणे, प्रो. निर्मला वास्केल, प्रो. राखी मंडलोई सहित महाविद्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर विशेष व्याख्यान आयोजित

धार । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीएमसीओई महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार में रेडक्रॉस समिति द्वारा महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानियों, संतुलित आहार तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. बघेल के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में जिला अस्पताल की नोडल अधिकारी डॉ. नंदिता निगम मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुलोचना पाटिल ने की।

स्वस्थ नारी ही सशक्त भारत का आधार-मुख्य वक्ता डॉ. नंदिता निगम ने कहा कि नारी शक्ति का पुंज है और युवा छात्राएं सशक्त भारत का भविष्य हैं। इसलिए प्रत्येक छात्रा के लिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना और उसकी देखभाल करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का अभाव अनेक बीमारियों का कारण बनता है। कोरोना महामारी के दौरान मास्क का उपयोग और बार-बार हाथ धोने जैसी स्वच्छता संबंधी आदतों ने संक्रमण से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी प्रकार दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाकर भी अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है।

मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता पर विशेष जोर-डॉ. निगम ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बालों, नाखूनों एवं शरीर को स्वच्छ रखने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखने तथा सैनिटरी पैड को निर्धारित समय पर बदलने की आवश्यकता बताई। उन्होंने समझाया कि लंबे समय तक एक ही पैड का उपयोग करने और स्वच्छता में लापरवाही बरतने से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। संक्रमण की गंभीर स्थिति में प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं।

नवरात्रि में जहाँ माँ की आराधना हो रही है, वहीं 50 मीटर दूर ढाबे पर रोज परोसी जा रही शराब, आबकारी अफसर एकता सोनकर मौन क्यों?

बस स्टैंड में नवदुर्गा झांकी, उसी बस स्टैंड पर जाम छलका रहा शेर-ए-पंजाब!

मनावर से बसन्त जख्मी,(इंदौर समाचार) एक तरफ आबकारी विभाग 1230 पेटी अवैध बीयर पकड़ने 10 किलोमीटर तक नहीं पहुंच पाता, तो दूसरी तरफ मनावर के मुख्य बस स्टैंड के अंदर ही खुलेआम शराब परोसने का अवैध अड्डा चल रहा है। यह अड्डा और कहीं नहीं, बस स्टैंड पर बने प्रसिद्ध शेर-ए-पंजाब वेज एंड नॉनवेज हिन्दू होटल पर चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि होटल के बाहर बड़े अक्षरों में बोर्ड लगा है - 'बैठने की उत्तम व्यवस्था' और साथ में तीर का निशान बनाकर अंदर बैठाकर दारू पिलाई जा रही है। रात की फोटो (11 अक्टूबर 2026, 7:56 PM) में साफ दिख रहा है कि यह ढाबा बस स्टैंड परिसर के अंदर ही संचालित हो रहा है।

नवदुर्गा झांकी के आस पास जाम,

आबकारी की नाक के नीचे अवैध अहाता, बोर्ड पर लिखा - बैठने की उत्तम व्यवस्था

आस्था का अपमान बस स्टैंड पर इन दिनों नवदुर्गा की भव्य झांकी बनी हुई है। सैकड़ों महिलाएं, बच्चे और श्रद्धालु वहाँ दर्शन के लिए आते हैं। ठीक उसी बस स्टैंड पर ढाबा रोज शाम को शराबियों का अड्डा बन जाता है। रोजाना लोग यहां बैठकर शराब पीते हैं और नशे में धुत होकर बस स्टैंड परिसर में ही घूमते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कभी नशे में कोई महिला से बदतमीजी कर दे, या कोई बड़ा हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या आबकारी विभाग किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है?

एकता सोनकर आँखें बंद कर बैठीं?-सूत्रों की मानें तो बिना आबकारी की मिलीभगत के बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगह पर इस तरह खुलेआम अवैध अहाता चलना संभव ही नहीं है। नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व पर भी आबकारी अधिकारी एकता सोनकर अपनी अवैध कमाई पर अंकुश नहीं लगा पा रही हैं। मनावर बस स्टैंड पर दिनदहाड़े हो रही इस अवैध शराबखोरी पर आबकारी विभाग ने आँखें क्यों मूंद रखी है? क्या हर महीने की सेटिंग हो गई है?

सवाल जो आबकारी से पूछे जाने चाहिए -1. क्या शेर-ए-पंजाब ढाबे के पास लाइसेंस है कि वो लोगों को बैठाकर शराब पिला सके? अगर नहीं, तो आबकारी अधिनियम की धारा 34/1 में कार्रवाई क्यों नहीं? 2. बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगह, जहां नवदुर्गा झांकी लगी है, वहां अहाता कैसे चल रहा है? क्या यह शासन के नियमों का उल्लंघन नहीं है? 3. जब 1230 पेटी पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है, तो बस स्टैंड के अंदर चल रहे इस रोज के अवैध कारोबार पर आबकारी 10 कदम भी क्यों नहीं चल पा रही? अब देखना है कि इस खबर के बाद कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी इस अवैध अड्डे पर ताला लगाते हैं या फिर एकता सोनकर की मेहरबानी से यह जाम यूं ही छलकता रहेगा।

बहला फुसलाकर अपहरण कर बलात्संग के आरोप मे जिजा शिवप्रसाद को किया गिरफ्तार'

नाबालिग बालिका को 1100 किमी दूर कर्नाटक राज्य से ढुंढकर परिजनों के चेहरे पर लाई मुस्कान

मनावर से बसन्त ज़ख्मी,(इंदौर समाचार) उल्लेखनीय कार्यवाही - श्री सचीन शर्मा (IPS), पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धार द्वारा महिला संबंधी अपराध जैसे अपहरण, बलात्कार संबंधी गंभीर अपराधो मे बालिकाओ को दस्तयाब कर आरोपी की गिरफ्तारी एंव धड़पकड़ की कार्यवाही करने हेतु, निर्देशित किया गया था जिसके तारतम्य में विजय डावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय धार एंव प्रदीप वाल्टर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मनावर के उचित मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेश यादव थाना प्रभारी मनावर के कुशल नेतृत्व में थाना मनावर के अपराध क्रमांक 339/26 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में अपहर्त बालिका की पतारसी करने के लिए टीम तैयार की गई, टीम द्वारा अपहर्त बालिका कर्नाटक राज्य के बैल्लारी शहर से दिनांक 10.10.2026 को पतारसी

कर अपहर्त बालिका को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया जिससे परिजनो मे खुशी की लहर व पुलिस पर विश्वास जागृत हुआ । वही अपहर्त बालिका को उसका जिजा शिवप्रसाद बघेल पिता भावसिंह बघेल जाति भिलाला उम्र 25 साल निवासी सनावदिया थाना खुडैल जिला इन्दौर का अपने साथ बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर उसके साथ गलत काम किया था जिस पर प्रकरण मे पास्को एक्ट के साथ बलात्संग की धाराओ का ईजाफा किया गया व पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है आरोपी को माननीय न्यायालय मनावर पेश किया गया जहाँ से जेल वारंट पर उपजेल मनावर भेजा किया गया ।

गिरफ्तार आरोपी - शिवप्रसाद बघेल पिता भावसिंह बघेल जाति भिलाला उम्र 25 साल निवासी सनावदिया थाना खुडैल जिला इन्दौर

सराहनीय कार्य - उक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री राजेश यादव थाना प्रभारी मनावर, उपनिरीक्षक प्रशान्त पाल, उनि रानी राठौर, प्रधान आर 638 ललित कुमरावत व सायबर सेल से आर. 223 प्रशांत, आर 901 शुभम का सराहनीय योगदान रहा ।

नवरात्री महोत्सव के दौरान हिन्दू चेतना मंच के द्वारा दिया जा रहा सामाजिक समरसता का संदेश

अमझेरा - शारदीय नवरात्री महोत्सव के तहत यहाँ सबसे पुराने गरबा पांडाल हिन्दू चेतना मंच पर बालिकाओं के द्वारा रंगारंग गरबा नृत्य के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतीयाँ दी जा रही है इसके साथ ही मंच के सदस्यों के द्वारा इस वर्ष अभिनव पहल करते हुए ग्राम के विभिन्न समाज के लोगो से माताजी की आरती उतारने की क्रम जारी रखते हुए सामाजिक समरसता का संदेश देने का अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। रविवार को शुभ मुहुर्त में मंच के संस्थापक महंत घनश्यामदासजी महाराज के द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन कर माताजी की 7 फिट उंचाई वाली प्रतिमा की स्थापना की गई इसके साथ ही रैदास समाज के रमेशचंद्र सोलंकी,शोभाराम बारोड आदि समाजजनों के साथ उपस्थित अन्य सभी श्रद्धालुओं के साथ सामुहिक रूप से आरती उतारी गई एवं प्रसादी वितरण किया गया । इसके साथ सदर बाजार,लुहारकुंआ पशुपतिनाथ,थाना पीछे, कांतीधाम आदि स्थानो पर भी गरबा पांडालो में आकर्षक झांकी बनाकर माताजी की प्रतिमा की स्थापना की गई।

भाजपा महिला मोर्चा ने श्रद्धेय राजमाता विजयराजे सिंधिया की जन्मजयंती मनाई

धार। भारतीय जनता पार्टी की संस्थापक सदस्य पार्टी की आदर्श, वात्सल्य की प्रतिमूर्ति एवं जन-जन की प्रेरणास्रोत श्रद्धेय श्रीमती विजयाराजे सिंधिया (राजमाता साहब) की जन्मजयंती के पावन अवसर पर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय धार में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक गरिमामय एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धेय श्रीमती सिंधिया के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम संपन्न हुआ।। इस अवसर मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अल्पना जोशी,जिला उपाध्यक्ष अनुसूइया वैष्णव, जिला मंत्री पप्पी मकवाना,जिला कार्यालय मंत्री मंजू महंत, जिला सह कार्यालय मंत्री संगीता किकारिया,मन की बात प्रभारी रचना सिंह,मन की बात सह प्रभारी मीना दुबे ,मोर्चा नगर अध्यक्ष डॉली जाधव और अन्य महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने राजमाता जी के त्याग, तपस्या और संगठन के निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि राजमाता सिंधिया जी ने भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में अग्रणी भूमिका निभाई और अपने संगठनात्मक कौशल एवं वैचारिक प्रतिबद्धता से पार्टी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए उन्होंने जेल की यातनाएँ सहीं, लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। राजमाता जी की राष्ट्र के प्रति निष्ठा और जनकल्याण के कार्य सदैव प्रेरणादायी हैं। अपना पूरा जीवन माँ भारती की सेवा और जनकल्याण में समर्पित करने वाली त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति, श्रद्धेय राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की जयंती पर सादर नमन करती हूँ।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

धार में अग्रवाल समाज की भव्य शोभायात्रा में फूलों से सजे रथ पर विराजे महाराजा अग्रसेन

धार। अग्रवाल समाज धार द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती पर रविवार शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली। अग्रवाल समाज धार के तत्वाधान में आयोजित यात्रा अग्रसेन चौक से प्रारंभ हुई

शोभायात्रा में बैंड-बाजों के साथ महाराजा अग्रसेन को फूलों से सुसज्जित रथ पर सवार कर धार नगर के मुख्य मार्गो से निकाला गया जो नगर आकर्षण का केन्द्र रहा।पूरी शोभायात्रामार्ग पर भव्य आतिशबाजी की गई।समाज के पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा में चल रहे थे। लाल चुनरी पहने महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। युवक-युवतियों ने गरबा नृत्य किया। बैंड की मधुर धुनों ने माहौल को संगीतमय बना दिया। यात्रा का धार शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए अग्रसेन चौक पहुंची। मार्ग में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वही समाजजनों ने महाराजा अग्रसेन एवं लक्ष्मी जी की प्रतिमा का पूजन अर्चना कर जगह जगह आशीर्वाद लिया,जिसके बाद शोभायात्रा अग्रसेन चौक पहुंची जहाँ पर शोभायात्रा में समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल,मुख्यातिथि ऋतु दीपक अग्रवाल,प्रमोद सेनापति, श्याम सुंदर मोदी महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया इसके बाद समाज के पदाधिकारी एवं समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जिसके बाद गत वर्ष अग्रसेन जयंती से इस वर्ष अग्रसेन जयंती तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत समाज में हुई बालिकाओं व उनके माता-पिता का सम्मान किया गया। साथ ही समाज में 9 दिन से चल रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर समाज में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र एवं छात्राओं को भी सम्मानित किया गया

लक्की ड्रा मे खुली ई-स्कूटी-कार्यक्रम के अंत में आप और हम समिति द्वारा आयोजित लक्की ड्रा में प्रथम रहे विशाल अग्रवाल,को इलेक्ट्रिक स्कूटी प्राप्त हुई वही द्वितीय इनाम 43' इंच्चस राजेंद्र अग्रवाल को खुली एवं तीसरा इनाम वाशिंग मशीन दीपक अग्रवाल पम्प को खुली।इसके अतिरिक्त 51 अन्य पुरस्कार खोले गए। अग्रवाल युवा संगठन, धार द्वारा की गई एक बेहद प्रेरणादायक पहल के जिसके अंतर्गत 'अग्रवाल समाज के हर घर एक पौधा' लगाने का संकल्प लेते हुए सभी को एक एक पौधा दिया गया अग्रवाल समाज अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति का सम्मान कर कार्यक्रम का समापन किया गया अग्रवाल समाज के बालक बालिका,महिलाए सहित संपूर्ण अग्रवाल समाज धार मौजूद था कार्यक्रम मे स्वागत विनय अग्रवाल, मंच संचालन वैभव मोदी,राहुल अग्रवाल, एवं आभार राजेश अग्रवाल ने माना।

जनपद पंचायत डही के सीईओ का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में दिए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

धार। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के विभागवार निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों से संबंधित शिकायतों, स्वामित्व योजना, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य विभागीय विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री मीना ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए

कहा कि सभी विभाग अपने यहां लंबित शिकायतों का गंभीरता से निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का एल-1 स्तर पर ही संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होने के कारण लंबित प्रकरणों को निराकृत किए जाने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त प्राप्त हो। स्वास्थ्य विभाग में ई-केवाईसी से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने को भी कहा, ताकि प्रकरणों का समय पर निराकरण किया जा सके। कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर हुए प्रकरणों की समीक्षा की। जनपद पंचायत डही स्तर पर प्रकरण लंबित पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डही का तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। विभिन्न आयोगों से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित प्रकरणों के प्रभारी अधिकारियों को भी शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समस्त पटवारियों को इस कार्य में सक्रिय रूप से लगाने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं राजस्व निरीक्षकों को भी कार्य में शामिल करने को कहा। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में योजना के कार्यों की नियमित समीक्षा करें तथा रजिस्ट्री से संबंधित लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले में अल्प वर्षा की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं की समीक्षा की।